**अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक 18.06.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की गई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर, डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर, असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर एवं प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये—

1— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अंवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड को आवंटित 1459 राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 797 प्राक्कलनों (783 नग नये + 14 नग पुनर्गठन ) में प्रस्तावित 786 नग नलकूपों के सापेक्ष 786 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 786 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 786 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 781 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 783 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 783 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 320 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 10387 कि0मी0 के सापेक्ष 10143 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 412660 नग के सापेक्ष 418552 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्तावित 800 नग सोलर के सापेक्ष 800 नग सोलर का कार्य प्रगति पर है जिसमें 785 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही— मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड )

2— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड को आवंटित 800 राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 535 प्राक्कलनों में प्रस्तावित 536 नग नलकूपों के सापेक्ष समस्त 536 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 536 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 515 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 536 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 300 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 6456 कि0मी0 के सापेक्ष 6429 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 278421 नग के सापेक्ष 270703 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही— मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड)

3— समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा शिरोपरि जलाशयों में लगायी गई NCs के कार्यों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की 130 क्रिटिकल एवं 204 मेजर कुल 334 NCs है जिसमें 130 क्रिटिकल एवं 202 मेजर कुल 332 NCs टी0पी0आई0 द्वारा जॉचोंपरान्त क्लोज कर दी गई तथा 2 NCs को क्लोज करने हेतु मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर को निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही— मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड / टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

4— समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओंके समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 184 नग योजनायें एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा 64 नग योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा माह जून— 2026 तक योजनाओं के समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को 200 नग योजनायें एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को 100 नग, कुल 300 नग योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही— मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)**

5— अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में विभिन्न परियोजनाओं में उपयोग की जा रही पाइप, विद्युत उपकरण, मशीनरी एवं अन्य निर्माण सामग्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं तथापि, विगत कुछ समय से विभिन्न योजनाओं पर असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की चोरी की घटनाएँ निरंतर प्रकाश में आ रही हैं, जिससे पेयजल योजनाओं से पेयजलापूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। अनेक मामलों में संबंधित थानों में प्राथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज कराई गई है, परंतु इसके बावजूद चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है परिणामस्वरूप परियोजनाओं की प्रगति एवं पेयजलापूर्ति प्रभावित हो रही है तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए बहुमूल्य संसाधनों एवं सार्वजनिक धन की क्षति हो रही है।

साथ ही अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं की प्रगति देखने एवं शिकायतों को दर्ज करने हेतु विभाग द्वारा जल सारथी ऐप का उपयोग किया जा सकता है। पाइप पेयजल योजनाओं में कार्य करने में विभिन्न समस्याओं /बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु चल रही है। अतः जिन पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है उन पर निर्बाध रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा योजनान्तर्गत चोरी एवं आ रही समस्याओं /बाधाओं की घटनाओं की सूची प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही— अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण /मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड )**

**(डा0 राजागणपति आर.)**
**जिलाधिकारी**
**सीतापुर।**

# कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर

**पृ0 संख्याः** 5349 / M-3 /33 **दिनॉक** 06/07/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर।
2— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3— असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
4— प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर।
5— डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।

04/07/2026

**जिलाधिकारी,**
**सीतापुर।**